**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

# TEST BOOKLET

**Sl. No:** 0312

**Subject Code:** 10

**Subject:** HINDI

**WRITTEN TEST FOR RECRUITMENT OF POST GRADUATE TEACHERS FOR NON-GOVT. AIDED HIGHER SECONDARY SCHOOLS OF ODISHA**

*Time Allowed : 2 Hours*

*Maximum Marks: 150*

## : INSTRUCTIONS TO CANDIDATES:

1. **IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET CONTAINS 16 PAGES AND DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.**

2. You have to enter your **Roll No.** on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write anything else on the Test Booklet.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

3. The Test Booklet contains **100** questions. Each question comprises four options. You have to select the correct answer which you want to mark (darken) on the OMR Answer Sheet. In any case, choose ONLY ONE answer for each question. If more than one answer is darkened, it will be considered wrong.

4. You have to mark (darken) all your answers only on the **OMR Answer Sheet using BLACK BALL POINT PEN** provided by the State Selection Board. You have to do rough work only in the space provided at the end of the Test Booklet. See instructions in the OMR Answer Sheet.

5. All questions carry equal marks. While **1.5** marks will be awarded for each correct answer, each wrong answer will result in negative marking of **0.50** mark.

6. Before you proceed to mark (darken) the answers in the OMR Answer Sheet to the questions in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the OMR Answer Sheet as per the instructions in your Admit Card.

7. On completion of the Examination, you should hand over the **original copy of OMR Answer Sheet** issued to you to the Invigilator before leaving the Examination Hall. You are allowed to take with you the candidate's copy (second copy) of the OMR Answer Sheet along with the Test Booklet for your reference.

**Candidate's full signature**

**Invigilator's signature**

P.T.O.

1. "प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृति का संचित प्रतिबिंब होता है।" यह किस विद्वान का कथन है :

(A) रामकुमार वर्मा
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) सुमन राजे
(D) डा० नगेन्द्र

2. 'विक्टोरिया के शासन में हिन्दुस्तान' – यह अध्याय किस रचनाकार के इतिहास ग्रंथ का अंग है :

(A) गार्सा द तासी
(B) मिश्रबंधु विनोद
(C) ग्रियर्सन
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

3. 'कुमारपालप्रतिबोध' किसकी रचना है :

(A) हेमचन्द्र
(B) सोमप्रभ सूरि
(C) शालिभद्र सूरि
(D) विजयसेन सूरि

4. पृथ्वीराजरासो में कितने सर्ग (समय) हैं :

(A) 65
(B) 68
(C) 69
(D) 63

5. इनमें से कौन सा युग्म सही है :

(A) खुमाणरासो – नल्हसिंह
(B) वीसलदेव रासो – हेमचन्द्र
(C) रणमल्ल छंद – श्रीधर
(D) परमाल रासो – बरपति नाल्ह

6. "धर्म का प्रवाह कर्म, ज्ञान और भक्ति इन तीन धाराओं में चलता है, इन तीनो के सामंजस्य से धर्म अपनी पूर्ण सजीव दशा में रहता है" – यह कथन किसका है :

(A) मिश्रबंधु
(B) रामकुमार वर्मा
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) रामचन्द्र शुक्ल

7. छत्रसाल के गुरु कौन थे :

(A) मलूकदास
(B) अक्षर अनन्य
(C) दादूदयाल
(D) सुंदर दास

8. कबीर दास की मृत्यु कहाँ हुई थी :

(A) मगहर
(B) भराने
(C) सांगनेर
(D) दौलताबाद

9. 'विशिष्टाद्वैतबाद' के संस्थापक हैं :

(A) बल्लभाचार्य
(B) निंबार्काचार्य
(C) रामानुजाचार्य
(D) मध्वाचार्य

10. सूफी प्रेमाख्यान काव्य परंपरा में 'आराध्य' को किस रूप में देखा गया है :

(A) गुरु (B) प्रेमी

(C) सखा (D) प्रेमिका

11. हृदयराम किस शाखा के रचनाकार थे :

(A) ज्ञानाश्रयी (B) रामभक्ति

(C) प्रेमाश्रयी (D) कृष्णभक्ति

12. 'रसराज' किसकी रचना है :

(A) मतिराम (B) केशवदास

(C) भूषण (D) देव

13. जन्मकाल के अनुसार क्रम से सजाइए :

(A) बदरीनारायण चौधरी, प्रतापनारायण मिश्र, भारतेन्दु, राधाचरण गोस्वामी

(B) भारतेन्दु, बदरीनारायण चौधरी, प्रतापनारायण मिश्र, राधाचरण गोस्वामी

(C) राधाचरण गोस्वामी, भारतेन्दु, प्रतापनारायण मिश्र, बदरीनारायण चौधरी

(D) प्रतापनारायण मिश्र, भारतेन्दु, राधाचरण गोस्वामी, बदरीनारायण चौधरी

14. 'हिन्दी नई चाल में ढ़ली' - यह वक्तव्य भारतेन्दु की किस पुस्तक में लिखा गया है :

(A) विद्यासुन्दर (B) नीलदेवी

(C) भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है (D) कालचक्र

15. महावीर प्रसाद द्रिवेदी ने 'सरस्वती पत्रिका' का संपादन किस वर्ष आरंभ किया :

(A) 1990 ई० (B) 1902 ई०

(C) 1903 ई० (D) 1905 ई०

16. निरालाकृत 'राम की शक्तिपूजा' का आधार ग्रंथ कौन सा है :

(A) कम्बन कृत रामायण (B) कृत्तिवास कृत रामायण

(C) रामचरित मानस (D) रामचन्द्रिका

17. "दीपक के जलने में आली, फिर भी है जीवन की लाली।
किंतु पतंग भाग्य लिपि काली, किसका वश चलता है।"
- ये पंक्तियाँ किस कवि द्वारा रचित हैं :

(A) सुमित्रानन्दन पंत (B) महादेवी वर्मा

(C) जयशंकर प्रसाद (D) मैथिलीशरण गुप्त

18. छायावाद के समर्थन में सर्वप्रथम लेख लिखनेवाले लेखक हैं :

(A) जयशंकर प्रसाद (B) मुकुटधर पाण्डेय

(C) श्रीधर पाठक (D) नन्ददुलारे बाजपेयी

19. किस छायावादी कवि पर अरविंद दर्शन का प्रभाव दिखाई पड़ता है :

(A) सुमित्रानन्दन पंत (B) महादेवी वर्मा

(C) निराला (D) जयशंकर प्रसाद

20. दिनकर की निम्न रचनाओं का सही अनुक्रम क्या है :

(A) कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, नीम के पत्ते, उर्वशी (B) रश्मिरथी, नीम के पत्ते, उर्वशी, कुरुक्षेत्र,

(C) कुरुक्षेत्र, नीम के पत्ते, रश्मिरथी, उर्वशी (D) रश्मिरथी, कुरुक्षेत्र, नीम के पत्ते, उर्वशी

21. इनमें से कौन सी रचना मैथिलीशरण गुप्त की नहीं है :

(A) द्वापर (B) साकेत

(C) गंगावतरण (D) यशोधरा

22. इन काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

A. पेट पीठ दोनो मिलकर हैं एक — 1. अज्ञेय

B. एक आदमी रोटी बेलता है — 2. निराला

C. अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे — 3. धूमिल

D. साँप तुम सभ्य तो हुए नहीं — 4. मुक्तिबोध

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

23. प्रगतिशील लेखक संघ के 1936 लखनउ अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी :

(A) जयशंकर प्रसाद (B) प्रेमचन्द

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) रामविलास शर्मा

24. 'नयी कविता' पत्रिका का संपादन 1954 ई० में किस कवि द्वारा आरंभ किया गया था :

(A) केदारनाथ अग्रवाल (B) धर्मवीर भारती

(C) केदारनाथ सिंह (D) जगदीश गुप्त

25. हिन्दी भाषा की प्रथम पत्रिका किसे माना जाता है :

(A) उदन्त मार्तंड (B) सरस्वती

(C) ज्ञानदायिनी (D) ज्ञानोदय

26. 'कबीर वचनावली' का संपादन किसने किया था :

(A) श्यामसुंदर दास (B) अयोध्या सिंह उपाध्याय

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) रामविलास शर्मा

27. 'गोसाईंचरित्र' के लेखक हैं :

(A) रघुवरदास (B) प्रियादास

(C) नाभादास (D) बेनीमाधव

28. "मधुबन तुम कत रहत हरे?

बिरह बियोग श्यामसुन्दर के ठाढे क्यों न जरे?" - यह काव्य पंक्ति किसकी है :

(A) सूरदास (B) रसखान

(C) नंददास (D) रहीम

29. "कमलदल नैननि की उनमानि

बिसरत नाहि, सखी। मो मन ते मन्द-मन्द मुसकानि।" - इन पंक्तियों के कवि हैं :

(A) नन्ददास (B) मीराबाई

(C) रहीम (D) रसखान

30. निम्नलिखित रचनाओं में से कौन सी रचना धनानन्द की नहीं है :

(A) इश्कनामा (B) इश्कलता

(C) वियोगवेली (D) सुजानसागर

31. बिहारीलाल किस राजा के दरबारी कवि थे :

(A) नरेश इंद्रजीत सिंह (B) महाराजा जय सिंह

(C) शाहजी भोंसला (D) रामसिंह परमार

32. 'बिहारी बिहार' के लेखक कौन हैं :

(A) सूरति मिश्र (B) पं० अम्बिकादत्त व्यास

(C) पं० परमानन्द (D) जगन्नाथदास रत्नाकर

33. किस आलोचक ने कबीर की भाषा को 'पंचमेल खिचड़ी' कहा है :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी (D) श्यामसुंदर दास

34. इनमें से कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है :

(A) पार्वती मंगल (B) रामचरितमानस

(C) रामचन्द्रिका (D) कृष्ण गीतावली

35. 'रामचरितमानस' के निम्न अध्यायो (काण्डों) का सही अनुक्रम क्या है :

(A) सुन्दरकांड, अयोध्याकांड, लंकाकांड, अरण्यकांड

(B) अयोध्याकांड, अरण्यकांड, लंकाकांड, सुन्दरकांड

(C) अयोध्याकांड, अरण्यकांड, सुन्दरकांड, लंकाकांड

(D) सुन्दरकांड, लंकाकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड

36. रीतिकाल के निम्न कवियों का सही कालक्रम लिखिए :

(A) बिहारी, मतिराम, देव, घनानन्द (B) देव, बिहारी, मतिराम, घनानन्द

(C) देव, बिहारी, घनानन्द, मतिराम (D) बिहारी, घनानन्द, देव, मतिराम

37. प्रकाशन वर्ष के आधार पर प्रेमचन्द के निम्न उपन्यासों का सही क्रम लिखिए :

(A) रंगभूमि, गबन, सेवासदन, गोदान (B) सेवासदन, गबन, रंगभूमि, गोदान

(C) गबन, सेवासदन, गोदान, रंगभूमि (D) सेवासदन, रंगभूमि, गबन, गोदान

38. निम्नलिखित में से 'गोदान' उपन्यास में वर्णित गाँव कौन सा है :

(A) गंगौली (B) बेलारी

(C) कसौली (D) मेरीगंज

39. "जब दूसरे के पाँवों तले अपनी गर्दन दबी हुई है तो उन पाँवों को सहलाने में ही कुशल है।" – गोदान में यह कथन किसका है :

(A) होरी (B) धनिया

(C) गोबर (D) झुनियाँ

40. 'मैला आँचल' कब लिखा गया :

(A) 1950 ई० (B) 1954 ई०

(C) 1958 ई० (D) 1960 ई०

41. 'मैला आँचल' उपन्यास का पात्र नहीं है :

(A) डाक्टर प्रशांत
(B) कमली
(C) बालदेव
(D) जयदेव पुरी

42. "वर्तमान शिक्षा पद्धति रास्ते में पड़ी हुई कुतिया है, जिसे कोई भी लात मार सकता है" - यह कथन किस उपन्यास में कहा गया है :

(A) गोदान
(B) मैला आँचल
(C) राग दरबारी
(D) आधा गाँव

43. निम्नलिखित में से किस उपन्यास में शिवपालगंज की कहानी वर्णित है :

(A) राग दरबारी
(B) आधा गाँव
(C) जल टूटता हुआ
(D) गली आगे मुड़ती है

44. 'परिंदे' कहानी का पात्र गिरीश नेगी किस रेजिमेंट का कैप्टन था :

(A) पंजाब रेजिमेंट
(B) कुमाऊँ रेजिमेंट
(C) असम रेजिमेंट
(D) गढ़वाल रेजिमेंट

45. 'मलबे का मालिक' कहानी में लोग लाहौर से अमृतसर क्यों आए थे :

(A) हाकी का मैच देखने
(B) हिन्दी फिल्म देखने
(C) कबड्डी मैच देखने
(D) फुटबाल मैच देखने

46. "किसी सबंध से बचने के लिए अभाव जितना बड़ा कारण होता है, अभाव की पूर्ति उससे बड़ा कारण बन जाती है।" - अषाढ़ का एक दिन में यह कथन किसका है :

(A) निक्षेप
(B) मातुल
(C) अम्बिका
(D) मल्लिका

47. 'स्कन्दगुप्त' नाटक का पात्र नहीं है :

(A) पर्णदत्त
(B) शर्वनाग
(C) खिंगिल
(D) नागदत्त

48. "अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है" - यह कथन किसके द्वारा कहा गया है :

(A) चाणक्य
(B) चन्द्रगुप्त
(C) स्कन्दगुप्त
(D) मातृगुप्त

49. 'गुन्नौर की रानी' एकांकी के लेखक कौन हैं?

(A) रामकुमार वर्मा
(B) भुवनेश्वर
(C) उदयशंकर भट्ट
(D) काशीनाथ खत्री

50. "बड़ा नाटक यदि उपवन के समान है तो एकांकी स्वतन्त्र रूप से एक गमला है जिसमें मात्र एक प्रधान है, कोई अप्रधान प्रसंग नहीं है।" – एकांकी के सबंध में यह कथन किस विद्वान का दिया हुआ है :

(A) दशरथ ओझा
(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) रामकुमार वर्मा
(D) विष्णु प्रभाकर

51. चिंतामणि भाग-3 के संपादक कौन हैं :

(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) रामविलास शर्मा
(C) नामवर सिंह
(D) कुसुम चतुर्वेदी

52. निम्न में से कौन सा निबंध रामचन्द्र शुक्ल का नहीं है :

(A) श्रद्धा-भक्ति
(B) मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है
(C) क्रोध
(D) कविता क्या है

53. अशोक के फूल को सबसे अधिक सम्मान किस कवि से मिला :

(A) कालिदास
(B) भास
(C) भवभूति
(D) माघ

54. 'अशोक के फूल' निबंध का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1946 ई०
(B) 1948 ई०
(C) 1950 ई०
(D) 1952 ई०

55. निम्न में से कौन सा अध्याय 'दूसरी परंपरा की खोज' में नहीं है :

(A) दूसरी परंपरा की खोज
(B) अम्बीकार का साहस
(C) भारतीय संस्कृति और यूरोप
(D) संस्कृति और सौन्दर्य

56. दूसरी परंपरा की खोज में वर्णित 'रूस की चिठ्ठी' के लेखक कौन हैं :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) नामवर सिंह
(C) रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(D) रामविलास शर्मा

57. नामवर सिंह की पुस्तक 'दूसरी परंपरा की खोज' के अनुसार हजारी प्रसाद द्विवेदी अपनी अंतिम पुस्तक किस विद्वान पर लिखना चाहते थे :

(A) तुलसीदास
(B) जायसी
(C) निराला
(D) प्रेमचन्द

58. "भाषा यादृच्छिक ध्वनि संकेतों की वह व्यवस्था है जिसके माध्यम से सामाजिक समूह परस्पर सहयोग करते हैं।" - यह कथन है :

(A) हेनरी स्वीट (B) वांद्रेय

(C) प्लेटो (D) ब्लाख तथा ट्रेगर

59. बधेली बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है :

(A) शौरसेनी (B) मागधी

(C) अर्धमागधी (D) ब्राचड़

60. भारोतीय भाषा परिवार किस भाषा खंड का हिस्सा है :

(A) अफ्रीका खंड (B) यूरेशिया खंड

(C) प्रशांत महासागरीय खंड (D) अमरीका खंड

61. निम्न भाषाओं का सही कालक्रम है :

(A) प्राकृत, पालि, अपभ्रंश, लौकिक संस्कृत (B) लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

(C) लौकिक संस्कृत, अपभ्रंश, प्राकृत, पालि (D) अपभ्रंश, पालि, लौकिक संस्कृत, प्राकृत

62. हिन्दी वर्णमाला में अं और अः क्या हैं :

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) संयुक्ताक्षर (D) अयोगवाह

63. निम्नलिखित में से कौन सी भाषा आर्यभाषाओं में शामिल नहीं है :

(A) यूनानी (B) लैटिन

(C) फारसी (D) अरबी

64. हिन्दी का प्रथम व्याकरण लिखने वाले विद्वान हैं :

(A) जार्ज ग्रियर्सन (B) जेशुआ केटलर

(C) फादर कामिल बुल्के (D) कामता प्रसाद गुरु

65. संविधान समिति ने हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय कब लिया था :

(A) 08.08.1949 (B) 26.08.1949

(C) 14.09.1949 (D) 26.01.1950

66. प्रथम राजभाषा आयोग की स्थापना कब हुई थी :

(A) 07.06.1951 (B) 08.06.1953

(C) 09.06.1954 (D) 07.06.1955

67. नागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है :

(A) खरोष्ठी (B) ब्राम्ही

(C) नागलिपि (D) हिब्रू

68. संविधान के किस संशोधन अधिनियम के तहत 'कोंकणी' भाषा को आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया है :

(A) 21 (B) 92

(C) 71 (D) 42

69. किस अनुच्छेद के अनुसार संसद यदि राजभाषा से संबधित कोई विधेयक या संशोधन प्रस्तावित करना चाहे तो राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी लेनी पड़ेगी :

(A) अनुच्छेद-349 (B) अनुच्छेद-348

(C) अनुच्छेद-350 (D) अनुच्छेद-347

70. हिन्दी भाषा के प्रचार उसके विकास तथा भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का उल्लेख किस अनुच्छेद में किया गया है :

(A) 348 (B) 349

(C) 350 (D) 351

71. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है :

(A) 15 (B) 18

(C) 22 (D) 24

72. किस नियम के अन्तर्गत हिन्दी को प्रभावी ढ़ंग से लागू करने के लिए भारतवर्ष को तीन क्षेत्रों में बाँटा गया:

(A) राजभाषा अधिनियम-1963 (B) राजभाषा (संशोधित) अधिनियम-1967

(C) राजभाषा आदेश-1968 (D) राजभाषा नियम-1976

73. 12वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन 2023 किस देश में आयोजित किया गया था :

(A) कनाडा (B) फीजी

(C) मारिशश (D) भारत

74. 'रसात्मक वाक्य' को काव्य मानने वाले आचार्य हैं :

(A) भामह (B) मम्मट

(C) राजशेखर (D) विश्वनाथ

75. निम्नलिखित वर्गों में कालक्रमानुसार आचार्यों का कौन सा क्रम ठीक है :

(A) वामन, दण्डी, अनन्दवर्धन, मम्मट

(B) दण्डी, वामन, अनन्दवर्धन, मम्मट

(C) वामन, दण्डी, मम्मट, अनन्दवर्धन

(D) दण्डी, वामन, मम्मट, अनन्दवर्धन

76. काव्य का प्रयोजन कांता सम्मित उपदेश देना है - यह किस विद्वान का कथन है :

(A) भरत मुनि (B) दण्डी

(C) मम्मट (D) अभिनवगुप्त

77. भरत मुनि के रस सूत्र में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है :

(A) स्थायी भाव (B) विभाव

(C) अनुभाव (D) व्यभिचारी भाव

78. रस सिद्धान्त की व्याख्या में 'अनुमितिवाद' का सबंध किस आचार्य से है :

(A) भरत मुनि (B) शकुंक

(C) भट्टलोल्लट (D) अभिनवगुप्त

79. 'काव्यं ग्राह्यमलंकारात्' - यह कथन है :

(A) भामह (B) उदभट

(C) वामन (D) कुन्तक

80. काव्य की आत्मा ध्वनि है (काव्यस्यात्मा ध्वनिः) - यह किस विद्वान का कथन है :

(A) मम्मट (B) आनन्दवर्धन

(C) कुन्तक (D) पंडितराज जगन्नाथ

81. "गुलामी मृत्यु से भी भयावह है" - यह कथन है :

(A) कार्ल मार्क्स (B) प्लेटो

(C) अरस्तू (D) रिचर्डस

82. 'विरेचन सिद्धान्त' के जनक हैं :

(A) प्लेटो (B) लोंगिनुस

(C) मैथ्यू आर्नल्ड (D) अरस्तू

83. 'द वेस्ट लैंड' के रचनाकार है :

(A) टी. एस. इलियट (B) आई. ए. रिचर्डस

(C) वडर्सवर्थ (D) एफ. आर. लीविस

84. इनमें से कौन सी रचना आई. ए. रिचर्डस की नहीं है :

(A) चर्च एंड स्टेट

(B) प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म

(C) द फिलासफी ऑफ रेटरिक

(D) बियोंड

85. किस सिद्धान्त के अनुसार कविता का ध्येय मनुष्य की अधिक से अधिक वृत्तियों को संतुष्ट करके उनमें संतुलन स्थापित करना है :

(A) विरेचन सिद्धान्त (B) उदात्त सिद्धान्त

(C) कल्पना सिद्धान्त (D) मूल्य सिद्धान्त

86. होरेस ने अपने ग्रन्थ आर्स-पोइतिका में किन दो भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन किया था :

(A) यूनानी और लातीनी (B) यूनानी और संस्कृत

(C) लातीनी और जर्मनी (D) जर्मनी और यूनानी

87. निम्न में से कौन सा लक्षण तुलनात्मक साहित्य का नहीं है :

(A) साहित्य की सार्वभौम संकल्पना

(B) साहित्य के वाह्य रूपों को महत्व प्रदान करना

(C) अनेकता में एकता

(D) जातीय और राजनीतिक पूर्वाग्रहों से मुक्त

88. "तुलनात्मक साहित्य, साहित्य के समग्र रूप का अंतराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करता है, जिसके मूल में यह भावना निहित रहती है कि साहित्यिक सृजन और आस्वादन की चेतना जातीय एवं राजनीतिक-भोगोलिक सीमाओं से मुक्त एकरस और अखंड होती है।" - तुलनात्मक साहित्य की यहपरिभाषा किस विद्वान ने दी है :

(A) पॉसनेट (B) रेनेवेलक

(C) होरेस (D) फ्रेडरिक श्लेगल

89. किसे बंगला भाषा में रचना करने वाला यूरोपीय कवि कहा जाता है :

(A) सुधींद्रनाथ दत्त (B) बंकिमचन्द्र

(C) शरतचन्द्र (D) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

90. "मूल भाषा की पाठ्य सामग्री के भावों की रक्षा करते हुए उसे दूसरी भाषा में बदल देना अनुवाद है।" - अनुवाद की यह परिभाषा किस विद्वान ने दी है :

(A) कैटफोड (B) हैलिडे

(C) सैमुएल जॉनसन (D) नाइडा

91. जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है उसे क्या कहते है :

(A) स्रोत भाषा (B) मूल भाषा

(C) लक्ष्य भाषा (D) व्यंग्यं भाषा

92. इनमें से किसका सबंध अनुवाद के क्षेत्र से है :

(A) समतुल्यता (B) विरेचन

(C) उत्तर आधुनिकता (D) विखण्डनवाद

93. 'मुक्तिबोध की आत्मकथा' - कृति के लेखक हैं :

(A) रामविलास शर्मा (B) विष्णुचन्द्र शर्मा

(C) रमेशचन्द्र शाह (D) हंसराज रहबर

94. 'रेखाएँ बोल उठी' - कृति के रचनाकार हैं :

(A) सत्यवती मलिक (B) देवेन्द्र सत्यार्थी

(C) विष्णु प्रभाकर (D) उपेन्द्रनाथ अश्क

95. 'झोपड़ी से राजभवन तक' के लेखक कौन हैं :

(A) धूमिल (B) सूरजपाल चौहान

(C) कंवल भारती (D) माता प्रसाद

96. 'रसीदी टिकट' - किसकी रचना है :

(A) प्रभा खेतान (B) अमृता प्रीतम

(C) कृष्णा सोवती (D) गीतांजलिश्री

97. इनमें से कौन सी रचना फणीश्वरनाथ रेणु की नहीं है :

(A) ऋणजल धनजल (B) नेपाल क्रांति

(C) एकलव्य के नोटस (D) जुलूस रूका है

98. 'कलम का मजदूर' के लेखक कौन हैं :

(A) मदन गोपाल
(B) अमृतराय
(C) शिवरानी देवी
(D) भगवती प्रसाद सिंह

99. इनमें से कौन सी आत्मकथा हरिवंश राय बच्चन की नहीं है :

(A) क्या भूलूँ क्या याद करूँ
(B) यौवन के द्वार पर
(C) नीड़ का निर्माण फिर
(D) बसेरे से दूर

100. 'सदाचार का तावीज' व्यंग्य किसकी रचना है :

(A) शरद जोशी
(B) श्रीलाल शुक्ल
(C) अशोक चक्रधर
(D) हरिशंकर परसाई

SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK